हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 सितंबर 2025




04 निरीक्षण में रसोई केंद्रों पर स्वच्छता में मिली कई...



07 श्रीविश्वकर्मा पूजन समारोह में निकाली जाएगी...



## खबर संक्षेप

### नलखेड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को होगा

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी की नगरी नलखेड़ा में रक्तदान महादान मित्र मंडल के तत्वावधान में 21 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्त महादान मित्र मंडल संस्थापक मोहनसिंह सूर्यवंशी ने बताया कि रविवार को नगर के मां बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा पर सामाजिक संस्था रक्तदान महादान मित्र मंडल के रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नगर सहित क्षेत्र के कई रक्त वीरों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

### अग्रवाल महिला मंडल का हुआ गठन

**नलखेड़ा।** नगर में अग्रवाल महिला मंडल का सर्वसम्मति से गठन हुआ। अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष अनिता मित्तल, उपाध्यक्ष उषा मंगल, कोषाध्यक्ष कीर्ति मित्तल, सचिव रानू मित्तल, उपसचिव रूचि गोयण सर्वसम्मति से बनाई गई। गठन के बाद महिला मंडल की हुई बैठक में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 18 सितंबर से पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 20 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 21 सितंबर को आंनद मेला, 22 सितंबर को अग्रसेन महाराज का चल समारोह निकाला जाएगा।

### पीला मोजेक रोग से फसल क्षति के सर्वे के आदेश जारी

**नलखेड़ा।** तहसील क्षेत्र में किसानों की सोयाबीन फसल पीला मोजेक रोग से खराब हुई है जिसके सर्वे व राहत राशि प्रदान करने की मांग लंबे समय से विभिन्न स्तरों पर की जा रही थी। शासन ने सभी ग्रामों में प्रभावित फसलों का सर्वे करने के आदेश देते हुवे सभी ग्रामों के लिए दलों का गठन भी कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी आदेश क्रमांक /री/2025/2635 दिनांक 14/09/2025 के अनुसार मप्र राहत आयुक्त के निर्देश के बाद कलेक्टर द्वारा जारी पत्र अनुसार अतिवृष्टि, किट प्रकोप, पीला मोजेक आदि रोग से फसल क्षति या अफलन की स्थिति निर्मित हुई हो तो सर्वेक्षण की कार्यवाही कर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के मापदंडों के अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। फसल क्षति सर्वेक्षण के लिए तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार बड़ागाँव अपने अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक डिंपल मर्सकोले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए सभी ग्रामों के लिए सर्वे दल का गठन कर उन्हें सर्वे के आदेश जारी किए गए हैं। सर्वे दल में राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

---

### आगम की शोभायात्रा निकाली गई, सामूहिक देव वंदन का कार्यक्रम हुआ

# जैन समाज में 45 आगम शास्त्र की सामूहिक आराधना का हुआ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज द्वारा पहली बार जैन आगम शास्त्र की आराधना का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समाजजनों द्वारा 45 आगम की विधि विधान के साथ पूजन आराधना कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई।

नगर में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा.,पुण्यनिधि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 5 की प्रेरणा व पावन निश्रा में पहली बार 45 आगम की आराधना का कार्यक्रम जैन आराधना भवन में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रावक और श्राविकाओं द्वारा एक दिन की उपवास की तपस्या कर आगम शास्त्र की फल नैवेध,अक्षत, पुष्प, वासक्षेप आदि से पूजन व आराधना की गई। साध्वी मंडल द्वारा संगीत की स्वर लहरियों व विधि विधान के साथ 45 आगम की आराधना संपन्न करवाई गई। इस अवसर पर 45 आगम की आरती का लाभ प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार द्वारा लेकर आरती की गई। कार्यक्रम को लेकर जैन आराधना भवन में सजावट कर 45 आगम के छोड़ लगाए गए। वहीं मीनल सकलेचा एवं नेहा सकलेचा द्वारा आगम पर आधारित सुंदर रंगोली की रचना भी की गई। जिसकी उपस्थित समाजजनों द्वारा अनुमोदन कर काफी सहारा गया। कार्यक्रम उपरांत सभी आराधक अपने-अपने मस्तक पर आगम शास्त्र को धारण कर शोभा यात्रा के रूप में जिन मंदिरजी पहुंचे। जहां पर सामूहिक देव वंदन का कार्यक्रम हुआ।



**नवपद ओलिजी 29 से प्रारंभ होगी**

रत्ननिधि म.सा., पुण्यनिधि म.सा. आदि ठाणा 5 की निश्रा में वर्धमान तप की आराधना 19 सितंबर से प्रारंभ होगी। एवं शाश्वत नवपद ओलिजी की सामूहिक आराधना 29 सितंबर से प्रारंभ होगी। आराधना में सभी आराधकों द्वारा प्रतिदिन आयंबिल तप की तपस्या की जाएगी।

---

# श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक को बेस्ट युवा ग्रुप का अवार्ड मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन की 15 वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक नलखेड़ा को मालवा रीजन के बेस्ट युवा ग्रुप का अवार्ड मिला। यह कांफ्रेंस तीर्थराज पालीताणा जी महातीर्थ में आयोजित की गई थी।

गुजरात प्रांत की पवन भूमि शाश्वत जैन तीर्थ पालीताणा में तीन दिवसीय अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन 12 से 14 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें नलखेड़ा यूनिक ग्रुप ने नगर का नाम गौरवान्वित किया। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप यूनिक को विगत 2 वर्षों में मानव सेवा, जीव दया , सहित विभिन्न सामाजिक कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मेलन मैं करीब 800 परिवारों की उपस्थिति में फेडरेशन के अध्यक्ष जिनेश्वर जैन व अन्य



पदाधिकारियों द्वारा नलखेड़ा यूनिक ग्रुप को मालवा रीजन का बेस्ट यूथ ग्रुप का अवार्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान फेडरेशन के अवार्ड समिति के अध्यक्ष पीयूष जैन ने ग्रुप युवा यूनिक के अध्यक्ष उमंग फाफरिया के कुशल नेतृत्व, कार्यशैली व फेडरेशन के साथ निरंतर सम्पर्क की तारीफ़ की व ग्रुप को बधाई दी। अवार्ड मिलने पर अध्यक्ष ने खुशी जताई और भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। यह अवार्ड न केवल ग्रुप की उपलब्धि है, बल्कि समाज के लिए भी गर्व की बात है।

---

### कई सवाल खड़े कर रहा अधूरा निर्माण

# पचास लाख की लागत का सड़क चौड़ीकरण कार्य पड़ा अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन प्रशासन कई बार निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करवाने के आदेश प्रदान कर चुका है लेकिन निर्माण एजेंसियां ऐसे आदेशों को रद्दी की टोकरी में फेंककर अपनी मनमानी करती रहती है। जानकारी के अनुसार शासन की कायाकल्प योजनांतर्गत नगर में स्थित लखुंदर नदी की पुलिया से शिवाजी चौराहे तक निर्मित सीमेंट कांक्रीट सड़क के दोनों ओर 3-3 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य 50 लाख रुपये की लागत से किया जाना था। स्थानीय नगर परिषद द्वारा एक निजी ठेकेदार को निविदा उपरांत 16 मार्च 2024 को 6 माह की समायावधि में कार्य पूर्ण करने की शर्त पर कार्यादेश प्रदान किया गया था। संबंधित ठेकेदार द्वारा लखुंदर की पुलिया से सरदार पटेल चौराहे तक का कार्य कर शेष कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। सरदार पटेल चौराहे से शिवाजी चौराहे के मध्य की सड़क चौड़ीकरण का कार्य आज तक नहीं किया गया। जबकि दोनों चौराहों के मध्य की सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए सड़क किनारे स्थित तीन पेड़ों को भी काट दिया गया। काटे गए पेड़ो में से एक पेड़ पीपल का भी था जिसके काटने पर आसपास के रहवासियों के साथ ही भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा विरोध भी दर्ज करवाया था। पेड़ों की बलि देने के बाद भी चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण नही होना कई सवालों को पैदा कर रहा है।

एक ओर शासन प्रशासन निर्माण कार्यो को समयावधि में पूर्ण करने के आदेश संबंधित निर्माण एजेंसियों को समय समय पर देता रहता है वहीं दूसरी ओर उक्त कार्य के पूर्ण करने की समयावधि खत्म होने के एक वर्ष बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। अधूरे निर्माण कार्य को लेकर नगर में कई प्रकार की जनचर्चाएं भी चल रही हैं। प्रशासन को निर्माण कार्य पूर्ण करने की समयावधि खत्म होने के एक वर्ष बाद भी कार्य पूर्ण नही होने के चलते संबंधित निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही कर कार्य पूर्ण करवाने की ओर कदम उठाने की आवश्यकता है जिससे कि नगर के इस मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का लाभ नगरवासियों के साथ ही मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को भी मिल सके। इसके साथ ही उक्त मार्ग पर यातायात के दबाव के चलते आए दिन लगने वाले जाम से भी आमजन को कुछ राहत मिल सके।

### आदिवासी जिलों को जल्दी मिलेगा जैविक प्रमाण-पत्र

**सीहोर।** लघु वनोपजों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये आदिवासी बहुल जिलों को जल्द ही जैविक प्रमाण-पत्र मिलेगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिये उन्हें संबल योजना में शामिल किया गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़े जनजातीय परिवारों की आर्थिक सुरक्षा के लिये तेंदूपत्ता संग्रहण दर 3000 रूपये प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 4000 रूपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। वर्ष 2003 में संग्रहण दर 400 रूपये प्रति मानक बोरा थी। वन मंत्री नागरसिंह चौहान ने इसके लिये सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं। संग्रहण पारिश्रमिक के साथ-साथ तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त शुद्ध लाभ भी संग्राहकों के साथ बांटा जाता है। यह लाभांश भी बढ़ाया जा रहा है।

---

### आर्य रक्षित तीर्थ धाम में उवसग्गहरं पार्श्वनाथ भगवान का शक्रस्तव महाअभिषेक किया

# अभा वर्धमान जैन स्वाध्याय मंडल का मिलन समारोह व सामूहिक क्षमापना बहुमान संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अभा वर्धमान जैन स्वाध्याय मंडल का सामूहिक मिलन, क्षमापना एवं बहुमान समारोह गत दिवस श्री आर्य रक्षित तीर्थ धाम मंदसौर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल द्वारा श्री उवसग्गहरं पार्श्वनाथ भगवान का शक्रस्तव महाअभिषेक 273 विशेषणों सहित दुर्लभ वस्तुओं से किया गया। गौरव बंम (नलखेड़ा) ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भावेश हरण ( जावरा) तथा गायक कलाकारों ने मधुर संगीत एवं नृत्य के माध्यम से भक्ति में भाव-विभोर होकर अभिषेक संपन्न कराया। अभिषेक पश्चात सामूहिक क्षमापना एवं बहुमान समारोह हुआ। कार्यक्रम में आर्य रक्षित तीर्थ के पदाधिकारी मुकेश खिमेसरा, अनिल संघवी, दिलीप संघवी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंडल के संरक्षक नरेंद्र मेहता, संचालक विनोद दखं (जावरा), अध्यक्ष विनीत मेहता (इंदौर), सचिव दर्शन मारू (उज्जैन), अरिहंत जैन, भावेश हरण (जावरा), सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत परमात्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मातृशक्ति ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर स्वाध्याय मंडल में विगत 25 वर्षों से सेवा दे रहे सचिन भंडारी का विशिष्ट बहुमान किया गया। इसके साथ ही नवीन एवं पुराने सदस्यों का स्वागत भी हुआ। सभी ने आपस में मिच्छामी दुक्कड़ कहकर क्षमायाचना की। इसके पश्चात मंडल की मीटिंग में आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि अ. भा. वर्धमान स्वाध्याय मंडल पिछले 31 वर्षों से पर्यूषण महापर्व की आराधना देशभर में साध्वी प्रज्ञाश्रीजी म.सा. के निर्देशन व कुमारपाल भाई वीशाह, मनोज भाई हरण एवं नरेंद्र मेहता के मार्गदर्शन में निरंतर कर रहा है। कार्यक्रम में मंडल की आकर्षक वेशभूषा कुर्ता-धोती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। संचालन गौरव बंम ने किया एवं आभार अरिहंत जैन (उन्हेल) ने व्यक्त किया।

---

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# धर्म की शरण ही वास्तविक शरण है: मुनि विवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जीवन के लिए मरण के समय कोई भी शरण नहीं है, मात्र धर्म ही शरण है। विश्व विजय की चाह रखने वाला सिकंदर भी अंत में धर्म की शरण में आता है। जीवन के अंत समय में धन के भरोसे मत रहो, धन की बजाय धर्म की शरण धारण करना चाहिए। धर्म की शरण लेने पर जीव भगवान के समोशरण में शरण लेता है।




दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. द्वारा मंगलवार को अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि धर्म की शरण ही वास्तविक शरण है मणि, हाथी, घोड़ा, धन वैभव आदि कोई भी मनुष्य को शरण नहीं दे सकता है। संसारी प्राणी में भय बना रहता है। छोटा बालक अपने पड़ोसी के पिता को मरता देखकर डर जाता है कि कहीं मेरे पिता की मृत्यु हो जाएगी तो मेरा क्या होगा। बच्चा अबोध अवस्था में माता-पिता को अपनी शरण मानता है। बड़ा होकर अपना जीवन व्यवस्थित करना चाहता है। मकान दुकान प्रकार अपने को सुरक्षित मानता है कर्मचारी नौकर जाकर रखकर अपने को भाई मुक्त मानता है धन कमाने लगता है घर को वहां शरण मान लेता है धन और भवन को मां शरण मान बैठता है जिसकी दृष्टि बाह्य पदार्थों पर होती है वहां उसी को अपनी शरण मान लेता है।

मुनि श्री ने कहाकि कुछ लोग लौकिक पदार्थ में अपनी शरण मानते हैं। सांसारिक चाह के लिए कोई अनेक प्रकार के रत्न धारण करते हैं। ऐसे लोग अज्ञानतावश सांसारिक मंत्रों और रत्नों को बाहरी शरण को ही सुख मानते हैं। लेकिन वास्तविक शरण तो पंच परमेष्ठी, धर्म, गुरु की शरण होती है। हम पंच इंद्रियों के सुख को ही सुख मान बैठे हैं। मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य ए.सी., हीटर, अच्छे कपड़े, धन में ही सुख मान बैठे हैं। लेकिन वास्तविक सुख धर्म में है। हम घर व परिवार में सुख मानते हैं, लेकिन यह सब राग है। सबका अपना अपना पुण्य होता है। जितना हम धर्म कर सकते हैं, उतना ही कर पाते हैं। थोड़ा सा प्रलोभन देने से बच्चा मंदिर जाने लगता है लेकिन धीरे-धीरे उसको मंदिर में आनंद और शांति मिलने लगती है। बच्चों को संतों के दर्शन करने ले जाना चाहिए। वर्तमान में साधु, परमेष्ठी मिलना सरल है। इसीलिए उनकी शरण व आश्रय लेना चाहिए। जिसने साधु की शरण ले ली वह कभी भी जीवन में भटकेगा नहीं। मनुष्य मणि, मंत्रों व औषधि की शरण लेना चाहता है। इनसे सुख चाहता है इन सबको छोड़कर संयम धारण करना चाहिए। जिससे सारे सुख हमें प्राप्त हो जाएंगे। समता रूपी रस को हमें धारण करना चाहिए। संयम रूपी मंत्र और रत्न हमें धरण करना चाहिए। संयम के प्रभाव से बड़े-बड़े रोग ठीक हो जाते हैं। संयमी जीवन में परहेज ही औषधि का काम करता है। हम शास्त्रों व संतों की बात न मानकर डॉक्टरों की बात मानते हैं।

---

### लवीश जैन ने समाज का बढ़ाया मान

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी में लवीश ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन तीर्थंकर ज्ञान परिषद एवं अर्हम विद्या जैन शोध संस्थान के तत्वावधान में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणमय सागर महाराज के सानिध्य में द्विय दिवसीय तृतीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली के सुप्रसिद्ध अतिशयकारी तीर्थ लाल किले के सामने जैन लाल मंदिर में प्राचीन श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन पंचायत देहली द्वारा आयोजित किया गया। इस संगोष्ठी में देश भर से वक्तागण द्वारा जैन धर्म ओर शिक्षा पर बहुत ही सुंदर शब्दों में मधुर वाणी के साथ प्रस्तुत किया गया।

उक्त जानकारी सुसनेर जैन समाज के समाजसेवी सिंघई ललित जैन पत्रकार द्वारा देते हुए बताया कि उक्त आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय इतिहास संगोष्ठी में संपूर्ण भारत से वक्तागण में सुसनेर के धार्मिक ग्राम मोडी के समाज युवा गौरव लवीश जैन को भी वक्ता के रूप में जैन धर्म एवं शिक्षा पर अपने सुंदर शब्दों में मधुर वाणी के साथ व्यक्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लवीश जैन की इस उपलब्धि से उनके परिवार का ही नहीं धार्मिक ग्राम मोडी सुसनेर ही नहीं संपूर्ण मालवा हाड़ौती क्षेत्र जैन समाज के साथ साथ सम्पूर्ण क्षेत्र का मान बढ़ाया है। लवीश जैन को समस्त परिवार के अलावा जैन समाज के साथ साथ अन्य समाजजनों व संगठनों द्वारा बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



**खबर संक्षेप**

### दौलत यादव बने सह संयोजक



**भौरासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कुलाला निवासी दौलत यादव को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म जिला टोली का सहसंयोजक नियुक्त किया। यादव को सहसंयोजक बनने पर देवास जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत,डॉ. रूप सिंह नागर,पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल,छोटू लाल लोधी,मनीष यादव,सचिन यादव,धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, विनोद डोडिया, संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, सरपंच तेज यादव, ओमप्रकाश जायसवाल, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, मौसम माली, शैलेंद्र ठाकुर, विनायक माली, शुभकामना दी।

### श्री राष्ट्रीय हिन्दू संगठन का कार्यक्रम हुआ आयोजित, निकाली रैली

**बागली।** नगर बागली में श्री राष्ट्रीय हिन्दू संगठन कि शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनंजय यादव पहली बार बागली पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रजापत, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश मंत्री लाल सिंह पहलवान (राष्ट्रीय खिलाड़ी) नवनिर्मित जिला उपाध्यक्ष गोपी किशन अजमेर, जिला अध्यक्ष श्रीराम माली, जिला मंत्री प्रकाश बाबा (प्रजापति) कि उपस्थित में बागली नगर में भगवा यात्रा निकाली गई। नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव नगर परिषद सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ एवं पार्षदों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यादव द्वारा सभी हिंदुओं को जाति पाती में ना बटकर एकजुट रहने एवं गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की सभी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर बागली नगर के सभी गण माननीय नागरिक व युवा साथी मौजूद रहे।

## निगम उपायुक्त जाफरी ने शहर की दीनदयाल रसोई केंद्रों का किया निरीक्षण

# निरीक्षण में रसोई केंद्रों पर स्वच्छता में मिली कई कमियां, दिए नोटिस

साईं मंदिर के सामने, इटावा बस स्टैंड और भोलेनाथ मंदिर के पास के आश्रय स्थल का भी निरीक्षण। श्रेया एजुकेशनल एंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन भोपाल और जय मां गौरी एस.एच.जी. सांची जिला रायसेन को दिए नोटिस।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने शहर में नगर निगम द्वारा संचालित मध्यप्रदेश शासन की पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्रों का निरीक्षण किया और साईं मंदिर के सामने, बावड़िया और इटावा स्थित रसोई केन्द्रों पर स्वच्छता में कमी पाए जाने पर श्रेया एजुकेशनल एंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन भोपाल और जय मां गौरी एस.एच.जी. सांची जिला रायसेन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए तथा रसोई केन्द्रों पर विशेष स्वच्छता रखने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने चलित रसोई वाहन में गंदगी पाए जाने पर उसे तत्काल साफ करवाया और कहा कि इस वाहन को साफ जगह पर ही खड़ा किया जाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त जाफरी ने रसोई में भोजन करने वाले हितग्राहियों से चर्चा कर भोजन के स्वाद और गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। उन्होंने रोटी और सब्जी की क्वालिटी को भी देखा।एन.यू.एल.एम.विभाग की प्रभारी अधिकारी सहायक यंत्री विधुरानी कौरव ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने उज्जैन रोड स्थित साईं मंदिर के सामने, इटावा बस स्टैंड और भोलेनाथ मंदिर के पास के आश्रय स्थलों का भी निरीक्षण कर वहां शुद्ध पेयजल,विद्युत और सफाई की व्यवस्था को देखा। उपायुक्त ने आश्रय स्थलो में रुकने वाले व्यक्तियों की प्रविष्टि किए जाने वाली पंजी में आधार कार्ड का नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज कर आधार कार्ड की फोटो कॉपी रखने में सख्ती किए जाने के निर्देश दिए।

आश्रय स्थलो में महिलाओं को ठहरने के कक्ष की विशेष सुरक्षा किए जाने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु आदेशित किया। आश्रय स्थलो पर शीतकाल को दृष्टिगत रखते हुए इलेक्ट्रिक गीजर दुरुस्त करने और पर्याप्त रोशनी रखने के लिए विद्युत विभाग के उपयंत्री जीवन रावत को निर्देशित किया। आश्रय स्थलो में नियमित रूप से देखरेख करने के लिए नियुक्त किए गए एन.यू.एल.एम.विभाग के कर्मचारियों को हिदायत दी गई कि निरीक्षण की साप्ताहिक जानकारी अनिवार्य रूप से विभाग में प्रस्तुत करें। निरीक्षण में विशाल जगताप, सुनील जोशी सहित आश्रय स्थलो के केयरटेकर उपस्थित थे।



## पथ संचलन के लिए घर-घर संपर्क कर रहे स्वयंसेवक

**63 मंडलों में निकलेगा पथ संचलन**



**देवास।** विजयादशमी पर्व पर नगर में निकलेगा पथ संचलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

समाज को संगठित कर चरित्र संपन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव तक ले जाने हेतु परम पूजनीय डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारंभ किया। ईस वर्ष संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, 100 वर्षों की इस यात्रा में संघ ने दैनिक शाखा द्वारा अर्जित संस्कारों से समाज का अटूट विश्वास और स्नेह प्राप्त किया। इस विजयादशमी से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के आयोजन आरंभ होगे। देश भर में विजयादशमी उत्सव पर निकलने वाले पारम्परिक पथ संचलन इस वर्ष विशेष होने वाले है।

देवास जिले के सभी 63 मंडलों के साथ सात नगर देवास, करनावद, हाटपिपल्या, सोनकच्छ, पीपलरावां, टोंकखुर्द एवं भौंरासा में पथ संचलन निकाला जाएगा, इन संचलनो में हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। इस हेतु स्वयंसेवक गांवों एवं मोहल्लों में प्रत्येक घर पर संपर्क कर पथसंचलन में सहभागी होने का आग्रह कर रहे है। संचलन पंच परिवर्तन के विषय समाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्व के भाव का जागरण पर केंद्रित रहेंगे।संघ के स्वयंसेवक प्रतिदिन घर-घर संपर्क कर से कम से कम एक सदस्य को संचलन में सहभागी होने हेतु आमंत्रित कर रहे है। इस कार्य हेतु स्वयंसेवक शाखा के अलावा प्रतिदिन 6 घन्टे दे रहे है जिससे कि प्रत्येक परिवार तक पहुचा जाए। जो वृद्ध कार्यकर्ता एवं समाजजन पैदल नही चल सकते उनसे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया जा रहा है।

## सब जूनियर बास्केटबॉल टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला बास्केटबॉल संघ सचिव संजय पाटिल ने बताया कि 50 वी राज्यस्तरीय सब जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा इंदौर के बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित की जा रही हैं, जिसके लिए जिला बास्केटबॉल संघ टीम की घोषणा संघ अध्यक्ष मनीष पनवार ने की। टीम के कप्तान रिशान पनवार बनाये गए, कोच धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, एवं वीरेन्द्र सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। टीम को देवास जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष पनवार, जिला खेल अधिकारी एवं एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया, रईस खान, राकेश लश्करी, हेमेन्द्र निगम काकू, शक्तिसिंह गौड़, भारतसिंह राजपूत,संतोषसिंह गौड़,हेमन्त जोशी, संग्रामसिंह साठे,चंद्रभान शुक्ला, निसार खान,आकाश अवस्थी, जावेद पठान आदि शुभकामनाएं दी।

## ट्रैफिक जवान पंकज की चहुं ओर हो रही सराहना इंदौर में हुए सड़क हादसे में दिया वीरता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



बुधवार को दिन भर नगर व क्षेत्र के युवाओं के सोशल मीडिया अकाउंट पर चर्चे केवल ट्रैफिक जवान पंकज यादव के रहे। पंकज यादव इंदौर में ट्रैफिक जवान के रूप में पदस्थ है। पंकज सोमवार को इंदौर में ड्यूटी दे रहे थे। उस दौरान एरोड्रम क्षेत्र में ट्रक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 12 लोग घायल हो गए। इस हृदय विदारक और भयावह घटना में पुलिस पर सवाल तो उठ रहे हैं कि आखिर नो एंट्री में ट्रक पहुंच कैसे और पुलिस क्या कर रही थी लेकिन इसी बीच एक ट्रैफिक पुलिस जवान की भूमिका को लेकर लोग सैल्यूट भी कर रहे हैं। उन्होंने ट्रक पर चढ़कर उसे रोका और केबिन से ट्रक की चाबी निकाली और ड्राइवर को पकड़ा।

ट्रक बड़ा गणपति चौराहे से सिग्नल की ओर बढ़ रहा था जहां कई वाहन चालक खड़े हुए थे ऐसे में हादसा और भी बड़ा हो सकता था जैसे ही ट्रक की गति बड़ा गणपति के पास थोड़ी धीमी हुई यादव ने साहस दिखाते हुए चलते ट्रक पर चढ़ने का प्रयास किया और राहगीरों की मदद से वह क्लीनर की ओर से ट्रक में पहुंचे और दूसरी और दरवाजा खोलकर चालक को खींचकर नीचे उतारा। तभी ट्रक को नियंत्रित कर रोका गया और एक बड़ा हादसा टल गया। अब इंदौर ट्रैफिक पुलिस के इस जवान की जहां इंदौर सहित प्रदेश भर में चर्चा हो रही है तो वही भौरासा नगर के निवासी पंकज पिता चंद्र सिंह यादव निवासी भौरासा के चर्चे भौरासा नगर सहित आसपास के क्षेत्र में भी हो रहे हैं। वहीं लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भी जवान पंकज यादव की बहादुरी के चर्चे पर सलूट किया जा रहा है।

## देववासिनी पर्वत पर प्रज्वलित होगी 18 फीट की अखंड धूप अगरबत्ती, 1111 भगवा ध्वजों से नगर के प्रमुख मार्गों को सजाएगी संस्था देववासिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मां तुलजा भवानी मां चामुंडा देवी के पावन नगरी देवास में टेकरी पर संस्था देववासिनी द्वारा शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व पर संस्था के संरक्षक देवास के लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी एवं संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब के नेतृत्व में 18 फीट की अखंड धूप अगरबत्ती की स्थापना मां चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण में की जाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहे शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा देवी के देववासिनी पर्वत पर छोटी माताजी के द्वारे 18 फीट की अखंड धूप अगरबत्ती स्थापित कर प्रज्वलित की जाएगी। संस्था के संरक्षक देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय से 22 सितंबर सोमवार को 8 बजे एक शोभायात्रा के रूप में धूप अगरबत्ती को लेकर जाया जाएगा तथा पूरे विधि विधान से इसे माताजी के द्वारे प्रज्वलित किया जाएगा। यह धूप अगरबत्ती पूरे नवरात्रि की 9 दिन प्रज्वलित होती रहेगी। चौहान ने यह भी जानकारी दी की नवरात्रि से पूर्व नगर में 1111 भगवा पताकाओं से नगर को सजाने का भी दायित्व संस्था द्वारा लिया गया है। जिसका श्री गणेश कल बुधवार से प्रारंभ किया जाएगा।

## नवागत आयुक्त कुमार ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को निगम कार्यालय में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। जहां निगम के सभी अधिकारियों ने स्वागत किया। आयुक्त देर शाम को माता टेकरी पहुंचे जहां उन्होनें माताजी का पूजन कर दर्शन किए। उन्होंने निगम कार्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की, अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह माता टेकरी पहुंचे जहां उन्होनें तुलजा भवानी और चामुण्डा माता के दर्शन किए। दलीप सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि जो भी शासन की योजनाएं हैं जिसमें आवास, स्वच्छता पेयजल सहित अन्य सभी योजनाओं को प्राथमिकता से लेकर कार्य किया जाएगा। नगर के नागरिकों को सुविधाओं परस्पर मिले इसका ध्यान दिया जाएगा। नगर निगम में भ्रष्टाचार और कार्य में अनियमितताएं बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होनें बताया कि वे वर्ष 2019 बेच आईएस अधिकारी है। खंडवा में दो वर्ष एसडीएम के पद पर रहे, नरसिंहपुर में दो वर्ष सीईओ जिला पंचायत के पद पर रहे हैं।

### पुरोहित का किया स्वागत



**चापड़ा।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चापडा निवासी सुनील पुरोहित को नेक्सट जनरेशन जी एस टी रिफॉर्म टोली के सह संयोजक बने के बाद मंगलवार को नगर के प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शांतिलाल यादव, किशोर यादव अक्षय पाटीदार, गौरी शंकर पांचाल, निलेश उपाध्याय,लालू उपाध्याय, इश्वर प्रजापत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया।

## नगर चापड़ा से मक्का मदिना उमराह यात्रियों का स्वागत कर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर चापड़ा से 20 दिवसीय उमराह यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्वागत कर विदाई दी गई। मंगलवार के दिन ग्राम पंचायत गुराडिया कला के पूर्व सरपंच मुबारक मंसूरी (ठेकेदार) एवं पत्नी आमना बी मंसूरी हज यात्रा के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व में उनके निवास पर क्षेत्र के सभी समाज जनों द्वारा यात्रियों का पुष्प माला से स्वागत कर विदाई दी गई। इस दौरान मुबारक मंसूरी ने बताया कि उनके साथ ग्राम गुराड़िया कला के इशाक शाह ,रुखो बी, मेमून बी,तनवीर शाह भी हज यात्रा पर जा रहे हैं। मुबारिक ने बताया कि मुस्लिम समाज के लिए मक्का मदीना की उमराह यात्रा बहुत पवित्र यात्रा मानी जाती है। इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह है नगर एवं क्षेत्र व देश की सुख शांति की कामना को लेकर यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान सभी यात्रियों का मुस्लिम समाज सहित अन्य समाज के लोगों द्वारा भी स्वागत किया गया। इस दौरान नेक्सट जनरेशन जी एस टी सह संयोजक सुनिल पुरोहित, किशोर यादव, दयाराम यादव, गोकुल धनगर,संजय सुर्या उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त किसान संगठन ने नायब तहसीलदार को दिया मांग पत्र

# मांग: बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




संयुक्त कृषक संगठन जिला ईकाई के बैनर तले मंगलवार को कृषि मंडी परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर किसान हितैषी मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम धरना प्रदर्शन स्थल पर ही नायब तहसीलदार को दिया गया। मंडी परिसर में सभी पदाधिकारियों ने किसानों को संगठन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। मांग पत्र में बताया गया कि इन्दौर-बुधनी रेल्वे. व इन्दौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए किसानो की जो भूमि अधिकृत की गई है, उस भूमि का 2013 के केन्द्र सरकार के भू-अधिग्रहण कानून के तहत किसानो को बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिया जाए।

वर्तमान में म.प्र. शासन किसानो की भूमि अधिग्रहण में फैक्टर एक से मुआवजा दे रही है, जिसे केन्द्र सरकार के भू-अधिग्रहण कानून के अंतर्गत राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी फैक्टर एक से बढाकर, दो करके किसानो को चार गुना मुआवजा दिया जाए। वर्ष 2019 में राज्य सराकार द्वारा कलेक्टर गाईड लाईन 20 प्रतिशत कम की गई थी व वर्ष 2019- 2020, 2020-2021 एवं 2021-2022 में कलेक्टर गाईडलाईन नही बढाई गई, जो हर वर्ष 10 प्रतिशत बढाई जाती है। कलेक्टर गाईड लाईन 55 प्रतिशत बढाई जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सेटेलाईट सर्वे बंद करके पूर्व की नीति अनुसार क्राप कटिंग नियम लागू किया जाए व खेत इकाई मानी जाए। अन्यथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बंद की जाए। रासायनिक खाद में हो रही कालाबाजरी पर रोक लगाई जाए व खाद वितरण केन्द्रो पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं वितरण केन्द्रो पर स्टॉक सूची लगाई जाए। वर्ष 2019 व 2020 की फसल नुकसानी की क्षतिपूर्ति राहत राशि क्रमशः 75 प्रतिशत. व 34 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा अभी तक किसानो को नहीं दी गई है। उसे मय ब्याज के तुरंत प्रदान की जाए।

सोयाबीन की फसल 2025-2026 की पीले मोजक रोक से पूर्णतः खराब हो चुकी है उसका तुरंत सर्वे कराकर आरबीसी धारा 6.4 के तहत राहत राशि प्रदान करके उचित प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम दिलवाया जाए। हाटपीपल्या सिंचाई परियोजना का कार्य धरातल पर अतिशीघ्र प्रारंभ सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र दिया गया है। इस दौरान संयुक्त कृषक संगठन जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल, जिला मंत्री शांतिलाल पाटीदार, तहसील अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, चंपालाल पाटीदार, नारायण यादव,जगदीश नागर, चंपालाल पाटीदार, सुरेंद्र जी बापू, किशन यादव, गब्बर पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर के एक मोहल्ला में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते रविवार को अपराह्न करीब 12.30 बजे उसकी बहन घर से उसके घर आने की बात कहकर निकली थी। आरोप है कि थाना सौजना के ग्राम रूकवाहा निवासी ब्रजभान पुत्र गयादीन लोहार उसकी बहन को बहला-फुसलाकर 19 हजार रुपये लेकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर ब्रजभान के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मैसेज भेजकर युवती को धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पड़ौस में रहने वाला सुमित झां पुत्र मुकेश झां उसे इंस्टाग्राम आईडी बनाकर विगत 2-3 दिन से गन्दे मैसेज कर लगातार कमेन्ट कर रहा है। विरोध करने पर सुमित ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह काफी डरी हुयी है। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुये सुमित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस ने मांगे नगर पालिका चुनाव हेतु आवेदन

**ललितपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने बताया कि नगर पालिका परिषद के चुनाव की तिथियां घोषित हो गई है। इसको दृष्टिगत करते हुए चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवारों से अपने-अपने आवेदन 16-17 एवं 18 सितंबर शाम 5 बजे तक कार्यालय या जिलाध्यक्ष को दे दें। कम समय होने के कारण आवेदन पैनल 18 सितम्बर को रात्रि तक पीसीसी लखनऊ भेज दिये जायेंगे। प्रत्याशी का नाम फाईनल होने पर सभी कांग्रेसी एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी को मजबूत करेंगे। जिसे भी पार्टी अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित करेगी पूरी पार्टी एक जुटता से साथ उस को विजय बनाने के लिए लग जाएगी। इस बार कांग्रेस पार्टी नगर पालिका चुनाव जीत कर अपना जीत का परचम लहरायगी। उन्होंने इच्छुक कार्यकर्ताओं से नपा का चुनाव लडने के लिए अपना बायोडाटा आवेदन पत्र के साथ देने का आह्वान किया है। यह जानकारी जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत ने दी है।

## रामलीला समिति की बैठक में शोक प्रस्ताव पास

**ललितपुर।** तालाबपुरा में रामलीला समिति की आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शील चंद्र सिंघाई (पप्पी) संचालन फूलचंद विश्वकर्मा ने की अतुल श्रीवास्तव के काका बाबा भागवत प्रेमी पूर्व प्रधान अध्यापक ध्यान योगी कलाकार समाजसेवी पेंटर श्री मनोहर लाल श्रीवास्तव का 100 वर्ष की आयु में निधन एवं वरिष्ठ वकील श्री मुकंद प्रताप तोमर के पुत्र एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी समाजसेवी अजय प्रताप तोमर के छोटे भाई संजय प्रताप तोमर का अल्प आयु में निधन हो जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया एवं 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

### वी-5 अध्यक्ष ने वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी जानकारियां

# श्रीविश्वकर्मा पूजन समारोह में निकाली जाएगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्वकर्मा भगवान पूजन समारोह व भव्य शोभायात्रा का आयोजन 17 सितम्बर को किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर व्ही-5 विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष विजय डयोडिया ने तालाबपुरा नामदेव समाज मंदिर के सामने स्थित कार्यालय पर एक पत्रकारवार्ता में जानकारी दी। व्ही-5 अध्यक्ष विजय डयोडिया ने पत्रकारों को बताया कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजन महोत्सव को लेकर तमाम प्रकार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दोगुनी ताकत से भव्य आयोजन किया जा रहा है। समारोह की तैयारियों को लेकर इस वर्ष ब्लाक स्तर पर भी तैयारियां की गयी हैं। बताया कि मुख्य अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री, विधायक है। इसके अलावा जो पंचरत्न समाज के लोग जो कि वरिष्ठ पदों पर हैं, वह भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा भगवान विश्वकर्मा पूजन समारोह के दौरान सर्वप्रथम भगवान का पूजन और सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा विशाल शोभायात्रा श्री तुवन मंदिर प्रांगण से निकाली जायेगी, जो कि शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकाली जायेगी। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र वी-5 के द्वारा बनायी गयी झांकियां होंगी। वहीं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया जायेगा। इसके अलावा हवन पूजन और प्रसादी वितरण किया जायेगा। उन्होंने पंचरत्न समाज के लोगों से इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

## हमें प्रत्येक श्रमजीवी और बुद्धिजीवी मनुष्य में भगवान विश्वकर्मा के दर्शन करना चाहिए



**ललितपुर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि आदमी श्रम करने के लिए नहीं जीता, बल्कि मनुष्य की भांति जीने के लिए श्रम करता है। मानव प्रकृति की इसी प्रवृत्ति में वह दिव्यता, गरिमा होती है, जो उसे जानवर से पृथक कर देती है । प्रत्येक मनुष्य श्रमिक है। धरती, आसमान, आग, पानी तथा हवा उसकी सामग्री है जिसके बल पर वह अपने और न्याय आधारित आदर्शों के अनुरूप पृथ्वी पर बेहतर से भी बेहतर मनुष्योचित जीवन ढालते रहने के लिए सतत सचेष्ट रहता है। इसलिए हमें प्रत्येक श्रमजीवी और बुद्धिजीवी मनुष्य में भगवान विश्वकर्मा के दर्शन करना चाहिए। संसार भर के श्रमजीवी अन्नदाताओं और शिल्पकारों को श्रम का पूरा- पूरा फल नहीं मिल पाता है। बीच में ही वह यहां वहां ठिठक जाता है यही आज के युग की बिडम्बना है। ठीक है कि बड़े से बड़ा शिल्पकार मकड़ी के आगे नतमस्तक हो जाता है क्योंकि वह उसकी तरह जाला नहीं बना सकता है और न ही बया पक्षी की तरह घोंसला या मधुमक्खी की छत्ता नही बना सकता ? परंतु घटिया से घटिया शिल्पकार जब मेज बनाता है , ते बनाने पूर्व वह नापतोल का सारा नक्शा अपने दिमाग में बना लेता है । यह वरदान प्रकृति ने सिर्फ चेतना सम्पन्न मानव को ही दिया है । इसलिए मनुष्य से बढ़कर कोई और नहीं । बहुसंख्यक श्रमिक ही इस धरती पर नूतन रामराज्य लाने में निश्चित ही एक न एक दिन समर्थ होंगे।

### अनियमित समय से खोली जा रहीं दुकानें

# कोटेदारों की मनमानी का शिकार हो रहे पात्र लाभार्थी

### नियमित देखरेख न होने से बेपरवाह हुए कोटेदार

**ललितपुर।** केन्द्र व प्रदेश सरकार अन्त्योदय व पात्रगृहस्थी कार्डधारकों को प्रत्येक माह निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कर रही है। लेकिन सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ लापरवाह कोटेदारों के कारण पात्र लाभार्थियों को स-समय नहीं मिल पा रहा है। नियमित देख-रेख न होने के कारण कोटेदारों की मनमानी चल रही है। शासन द्वारा निर्धारित समय से दुकानों का न खुलना और पीओएस मशीन पर मनमाने तरीके से अंगूठा लगाने के प्रकरण प्रकाश में आ रहे हैं। हालांकि लाभार्थी कोटेदार के भय में रहते हुये शिकायत नहीं कर पाता, जिस कारण कोटेदारों की मनमानी सिर चढ़कर बोल रही है।

इसी माह की बात करें तो शासन के आदेश अनुसार जिला पूर्ति अधिकारी ने 10 से 25 सितम्बर 2025 तक खाद्यान्न वितरण करने के निर्देश जारी किये थे। निर्देशों के अंतर्गत कई वार्डों के कोटेदार अपनी दुकानों पर शासन से निर्धारित समय अनुसार पहुंच कर राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण करने की प्रक्रिया को पूर्ण करने लगे, तो वहीं कुछ वार्डों से ऐसी शिकायतें भी सुनने को मिली, जिनमें कोटेदार द्वारा कार्डधारकों के दुकान पर पहुंचने पर पीओएस मशीन से अंगूठा नहीं लगवाया गया और कार्ड धारकों से शाम 6 बजे के बाद दुकान पर आकर अंगूठा लगाने और बाद में आकर खाद्यान्न ले जाने की बात कहते हैं। यह भी निकलकर सामने आया कि कई कार्डधारकों से कोटेदार सीधे मुंह बात तक नहीं करते और गेंहू के जगह चावल और चावल के जगह गेंहू का अनुपात गड़बड़ किया जा रहा है। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि कई कार्डधारकों को गुमराह करते हुये उन्हें अगले महीने सामान लेने की बात कह दी जाती है, जबकि अगले माह यही बात किसी अन्य कार्डधारक से भी दोहरायी जाती है। इससे खाद्यान्न की कालाबाजारी की आशंकाएं बलवती होती हैं। विभाग द्वारा नियमित पर्यवेक्षण न होने के चलते कोटेदारों की मनमानियां दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रहीं हैं। कोटेदारों की इन मनमानियों पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग को लेकर जनहित में लोगों ने जिला प्रशासन व पूर्ति विभाग से आह्वान किया है।

## खाद्य सुरक्षा अमले ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल के निर्देश पर लटेरी की विभिन्न दुकानों का खाद्य सुरक्षा अमले द्वारा निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे नियमानुसार खाद्य लाइसेंस लेकर ही व्यवसाय करें। लटेरी के पुराने शहर स्थित अजीम किराना दुकान से चावल एवं रवा के नमूने लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई।

### नागरिक विकास मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

# शहर के मध्य डाली जा रही सड़क में मानकों की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के मध्य बनायी जा रही सड़क में मानकों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। आरोप लगाते हुये नागरिक विकास मोर्चा ने अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा के नेतृत्व में डीएम के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि शहर में गोविंद सागर बांध के पूंछा से मन्नू पेट्रोल पंप तक मुख्य मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है साथ ही सड़क किनारे का अतिक्रमण भी नहीं हटाया गया है। इसके बाद भी मनमाने तरीके से सड़क डाली जा रही है इससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने डीएम से आह्वान किया कि शहर के मुख्य मार्ग का निर्माण मानकों का ध्यान रखते हुए करवाया जाए ताकि मार्ग लंबे समय तक सुरक्षित रह सके। वर्तमान में जिस तरह से इसका निर्माण कराया गया हैए उससे लगता है कि शहर का मुख्य मार्ग ज्यादा समय तक टिकने वाला नहीं है। इसलिए इस सड़क के निर्माण की जांच करना आवश्यक हो गया। यदि ऐसा नहीं किया गया तो पूरी सड़क गुणवत्ता हीन तैयार हो जाएगी। इससे आगामी दिनों में नागरिकों को एक बार फिर घटिया सड़क से उत्पन्न होने वाली समस्या से जूझना पड़ेगा। अन्यथा नागरिक विकास मोर्चा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, अमित लखेरा, सुमित रैकवार, निहाल सेन पटना, रामचरन, मनीष पाठक, विकास सोनी, आशीष तिवारी, महेश चौबे, प्रेमशंकर आदि मौजूद रहे।

### दुकान पर बुलाकर अभद्रता कर धमकाने के लगाए गंभीर आरोप

# कोटेदार के खिलाफ लामबंद हुईं आदिवासी समुदाय की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम पंचायत बछलापुर के ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। अनुसूचित जाति व आदिवासी महिलाओं ने का आरोप है कि कोटेदार ने उन्हें दुकान पर बुलाया और अभद्रता करते हुये राशन नहीं दिया और गालियां देते हुये कोटे से भगा दिया। बीती 15 सितम्बर को कोटेदार सूरज के पति सुरेश निरंजन ने सभी को दुकान पर बुलाया और दुकान पर गालियां देते हुये राशन न देने के साथ ही अपमानित कर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित करते हुये भगा दिया। इस दौरान जब वीरन व शिवराज मौके पर पहुंचे तो उक्त कोटेदार पति ने धक्का देकर गिरा दिया और दोबारा दुकान पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। महिलाओं ने डीएम से प्रकरण में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते हुये दुकान को निरस्त करने की गुहार लगायी। ज्ञापन देते समय रूपरानी, द्रोप्ती, सुमन, शोभारानी, प्रेमरानी, पुती, सुहागरानी, सियारानी, लाड़कुंवर, सदारानी, शारदा, सुमित्रा मौजूद रहीं।



**दो-दो हजार रुपए लेने का भी आरोप**

*डीएम से शिकायत करने पहुंची महिलाओं ने कोटेदार के पति पर सरकारी आवास दिलाने के नाम पर 2-2 हजार रुपये लिये जाने का भी आरोप लगाया। महिलाओं ने बताया कि गांव में रहने वाली अनुसूचित जाति व आदिवासी महिलाओं से कोटेदार ने रुपये लेकर सरकारी आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई लाभ नहीं मिला। जब रुपये वापस मांगे तो कोटेदार ने जान से मारने की धमकी दी। अब महिलाओं ने डीएम से कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही कर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।*

## सतर्कता से नाकाम हुई चोरी, दो बाइक चुराते धराए चोर, वाहन छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गल्ला मंडी रोड पर स्थित डॉक्टर आशीष जैन के घर के पास से चोर दो बाइक चुराने की कोशिश में थे। रात करीब ढाई बजे अर्चित जैन को बाहर से आवाज सुनाई दी। जब उसने बाहर जाकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी।

अर्चित तुरंत गली में पहुंचा। वहां उसने देखा कि दो युवक उसकी बाइक के साथ एक और बाइक लेकर जा रहे हैं। अर्चित ने हिम्मत दिखाते हुए चोरों का पीछा किया। चोर घबराकर दोनों बाइकें छोड़कर भाग निकले। अर्चित की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी जाग गए। देर रात तक चोरों की तलाश की गई, लेकिन वे नहीं मिले। चोर एक हीरो होंडा स्प्लेंडर और एक सुजुकी बाइक चुराने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पहले भी दो बार चोरी की कोशिश हो चुकी है। मोहल्लेवासियों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन आवेदनों पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग रैंकिंग सूची जारी होने में मात्र पांच दिन बचे हैं। इस अवधि में हरेक विभाग अपने वेस्ट प्रदर्शन को दर्शाते हुए जिले को टॉप फाइव सूची में शामिल हो सकें इसके लिए संतुष्टिपूर्वक समाधान पर विशेष बल दें। आवश्यकता पड़ने पर आवेदकों से वन टू वन चर्चा करें। उन्होंने सभी एसडीएमो को भी अनुविभाग स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु पूर्वानुसार शिविर आयोजित कर सभी विभागो के आवेदनो के निराकरणो की पहल करें। सीएम हेल्पलाइन के तहत अगस्त माह की कुल दर्ज 11 हजार 743 शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण कराया जाना है। सीएम हेल्पलाइन की जारी रैंकिंग सूची में विदिशा चैबीसवें स्थान पर है।



## असहाय गौवंश की सेवा अतुलनीय

**ललितपूर।** अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा इकाई ललितपुर अध्यक्ष वासुदेव पटवा के परमपूज्य पिताजी स्व.गोविन्ददास पटवा की 35 वीं पुण्यतिथि पर गौपुत्र सेना गोशाला वर्णी चौराहा पर किया गया, जिसमें उन्होंने यह सन्देश देते हुए कहा कि घायल गौवंश की सेवा गोविन्द सेवा से कम नहीं है। यह पूर्वजों के लिए अति उत्तम सुखदाई अपने पित्र देव तक इस सेवा को समर्पित किया, जिसमें प्रेम नामदेव ने कहा कि जैसा नाम वैसा ही काम को बताते हुए यह अनुष्ठान किया जाऐ तो निश्चित रूप से ही आपके एवं पूर्वजों के पुण्य कार्य का उदय हो स्वयं से किया गया श्रमदान सराहनीय है। साथ ही कंचन घाट पर पितृ पक्ष के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है, उसमें सभी लोगों ने प्रसाद वितरण किया और कथा श्रवण की अंत में बासुदेव पटवा ने अभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में लालजी पटवा, वासुदेव पटवा, समाजसेवी प्रेम नामदेव, प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे, राजेन्द्र पुरोहित, रामू महाराज, रविन्द्र रजक, राजीव चौबे, ब्रजेश आदि उपस्थित रहे।

# विश्व ओजोन दिवस पर जिला गंगा समिति ने बच्चों में जगाई पर्यावरण के प्रति अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति एचबी द्वारा महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में नमामि गंगे परियोजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पृथ्वी की सुरक्षात्मक ओजोन परत के संरक्षण और गंगा नदी की शुद्धता के बीच के गहरे संबंध से अवगत कराना था।

स्कूल प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक और सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराना है। नमामि गंगे जैसी परियोजना से जुड़कर बच्चों में नदी संरक्षण की भावना मजबूत होगी। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि ओजोन परत और गंगा नदी, दोनों ही हमारे पर्यावरण की रीढ़ हैं। 'नमामि गंगे' का लक्ष्य सिर्फ एक नदी को साफ करना नहीं, बल्कि एक सामूहिक पर्यावरणीय चेतना को जन्म देना है, जिसमें वायु, जल और भूमि सभी का संरक्षण शामिल है। इस अवसर पर छात्रों को जनपद में प्रवाहित नदियों और उनके पुनर्जीवन से सम्बंधित कार्यों की जानकारी भी प्रदान की गई। ओजोन की ढाल, गंगा की धार - दोनों से है जीवन अपारह्व विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे छात्रों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए इन दोनों की महत्ता को उजागर किया। छात्रों को जनपद में प्रवाहित नदियों और उनके पुनर्जीवन से सम्बंधित कार्यों की जानकारी भी प्रदान की गई। कक्षा 8 की छात्रा शाह नूर को नदी प्रेरक चुना गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला सिंह, प्रधानाचार्या गरिमा अग्रवाल, स्कूल डायरेक्टर रेनुका अग्रवाल, शिक्षक आशी जैन, संदीप अनुरागी, अन्तिमेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।




## तीन दिवसीय अंतर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता शुरू



**ललितपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में तीन दिवसीय आयोजित होने वाली 13वीं अन्तर जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि को बैज लगाकर सम्मानित किया। मलखम्भ प्रतियोगिता में कानपुर जोन, कानपुर के कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, कन्नौज, औरैया, फतेहगढ़, झांसी तथा जनपद ललितपुर सहित कुल 08 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। सभी प्रतिभागी खिलाडियों द्वारा बैंड पर राष्ट्रीय धुन के साथ मुख्य अतिथि का अभिनन्दन किया गया, जिस पर मुख्य अतिथि ने परेड का मान-प्रणाम ग्रहण कर सभी का परिचय लिया। एसपी ने खिलाडियों को खेल भावना व अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनायें दी गयी। प्रतियोगिता 15 से 17 सितम्बर 2025 तक आयोजित की जा रही है। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, टीम मैनेजर, कोच, खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिला महामंत्री बोले- पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय के जाकिर नाइक से हैं संबंध

# दिन भर सूने रहे रास्ते, सफल रहा आतंकवाद के विरोध में सकल हिन्दू समाज का ब्यावरा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आतंकवाद के विरोध में सकल हिन्दू समाज के आव्हान पर सोमवार को ब्यावरा नगर शत प्रतिशत बंद रहा। सकल हिन्दू समाज ने मां वैष्णोदेवी मंदिर से आतंकवाद के विरोध में आक्रोश रैली निकाली,जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल रहे। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चैराहा पर पहुंची, जहां आतंकवाद एवं देशविरोधी गतिविधियों में संल्पित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम एसडीएम व एएसपी को एक ज्ञापन सौंपा। बतादें कि 10 सितम्बर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान हेंडलर से जुड़े व आतंकवादी गतिविधियों में शामिल ब्यावरा के कामरान कुरैशी को गिरफ्तार किया था, यह घटना न केवल नगरवासियों के लिए चिंता का विषय बनी, बल्कि जिले की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा के रुप में सामने आई। इससे पूर्व भी नगर व जिले में देशविरोधी गतिविधियां सामने आई थी।आतंकवाद व देशविरोधी गतिविधयों के विरोध में संत समाज के मार्गदर्शन में सकल हिन्दू समाज ने नगर को पूर्णत बंद रखने का आव्हान किया था, जिसमें नगर के व्यापारियों का पूर्ण समर्थन मिला और बाजार शतिप्रतिशत बंद रहा। इस दौरान केवल मेडीकल स्टोर सहित अन्य आपात सेवाएं देने वाले प्रतिष्ठान खुले देखे गए। निजी स्कूल व कोचिंग संस्थानों के संचालकों का पूर्णतःसमर्थन मिला। सकल हिन्दू समाज ने तय समयानुसार मां वैष्णोंदेवी मंदिर से तख्तियां लेकर रैली निकली, जिसमें शामिल लोगों ने एक ही नारा, एक ही नाम-आतंकवाद का हो काम तमाम, आतंकवाद मुक्त भारत-यही हमारा संकल्प है, आतंकवाद मुर्दावाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। आक्रोशित रैली मां वैष्णोंदेवी मंदिर से शुरु हुई, जो पीपल चैराहा, अहिंसाद्वार, जगात चैक, मुख्य बाजार से होकर पुनः पीपल चैराहा पहुंची। मंच पर भागवताचार्य प्रमोद नागर, सतीश नागर, सुदर्शन शर्मा, कामेशकृष्ण, अजय तिवारी मौजूद रहे।



**पूर्व मुख्यमंत्री पर जाकिर नाइक से संबंध के आरोप**

भाजपा के जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया ने अपने अंदाज में बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर जाकिर नाइक के साथ संबंध का आरोप लगाया है और कामरान कुरैशी को भी प्रेरिंत करने में जाकिर की भूमिका रही है।

### समाचार पत्र की प्रतियां जलाकर जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

संत समाज ने मंच से आतंकवाद व देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की, इसके साथ ही संत समाज ने प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी खबर में आतंकी कामरान को एक गरीब परिवार का युवक बताकर हमदर्दी जताई है, वह गलत है। संत समाज ने पत्रकार के प्रति आक्रोश जताते हुए अखबार की प्रतियां भी जलाई। संत समाज ने आतंकवाद एवं देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम ब्यावरा एसडीएम गोबिंदकुमार दुबे और एएसपी केएल.बंजारे को एक ज्ञापन सौंपा।

### फिलिस्तीन प्रेमियों पर रासुका के तहत हो सख्त कार्रवाई

ज्ञापन में कहा गया कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से देशविरोधी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। नरसिंहगढ़, राजगढ़ में फिलिस्तीन झंडा फहराने व 5 सितम्बर को ईद के जुलूस में सेव फिलिस्तीन, सेव गाजा का स्टीकर लगाने व वितरित करने वालों की पहचान कर रासुका की धारा लगाई जाए,इस प्रकार के सभी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध यूएपीए प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए, पूर्व में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की संपत्ति व भूमि की जांच की जाए। ऐसे लोगों के पूरे परिवार व रिश्तेदारों की जानकारी लेकर उनके आपराधिक, समाज आईडी, बैंक खातों व संपत्ति की जानकारी निकालकर पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। जिले में चोरी,डकैती,नशे का व्यापार, जुआ-सट्टा का कारोबार बढ़ रहा है। इन पर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाए।

## जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया आदेश

# ई-अटेंडेंस न लगाने पर सख्ती, भृत्य सहित 12 शिक्षकों को नोटिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों व दफ्तरों में शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग ने 'हमारे शिक्षक एप' बनाया हुआ है। इस एप्लीकेशन पर सभी लोकसेवकों को समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होती है। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस मॉनिटरिंग के दौरान कल सोमवार 15 सितंबर को ज्ञात हुआ कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माचलपुर में पदस्थ 21 कर्मचारियों में से केवल 09 कर्मचारियों ने ही अपनी ई-अटेंडेंस लगाई है। स्कूल में पदस्थ 11 शिक्षकों व एक भृत्य द्वारा ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की गई। इस पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने शाला प्राचार्य को पत्र जारी करते हुए ई-अटेंडेंस दर्ज न करने वाले सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में जवाब प्राप्त कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।

### इन 12 शिक्षकों व कर्मचारियों ने नहीं लगाई ई-अटेंडेंस

एक ही स्कूल में पदस्थ जिन कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाई गई है उनमें गिर्राज दांगी, योगेंद्र सिंह मंडलोई, अजय कुमार दुबे, कैलाशचंद्र विश्कर्मा, जया टेलर, रवि सिंह गुर्जर, रामबाबू विश्वकर्मा, राधेश्याम मालवीय, कन्हैयालाल दांगी, दिनेश कुमार गौतम, रामेश्वर शर्मा एवं भृत्य प्रेमसिंह चैहान शामिल हैं। इसके साथ ही स्कूल से डेढ़ किलोमीटर दूर से ई-अटेंडेंस लगाने वाले महेश कुमार कारपेंटर से विशेष रूप से इस संबंध में उनका अभिमत भी चाहा गया है। उक्त संबंध में 18 सितंबर तक संपूर्ण बनाकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# 'जल संरक्षण पर पहल, अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध भी जरूरी'

## जल जीवन मिशन व अहिंसा टीम की संयुक्त टीम ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अधिकार तभी सार्थक होते हैं, जब हम अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करें। इसी संदेश के साथ सोमवार को ग्राम जूनापानी में पीस वॉलंटियर रामदिली भिलाला ने एक्शन प्रोजेक्ट के तहत जल संरक्षण विषय को केंद्र में रखते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पूरे गांव में पानी बचाओ, जीवन बचाओ इत्यादि जैसे नारे दीवारों पर लिखवाए गए वहीं, स्कूल परिसर में कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें जल संरक्षण के महत्व को समझाया गया।

कार्यशाला में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने कहा कि जल संरक्षण केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों का पालन भी है। उन्होंने समझाया कि समानता हम सभी को जल का अधिकार देती है, कर्तव्य' हमें जल बचाने का दायित्व सौंपते हैं और 'न्याय' हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रेरित करता है। दांगी ने बच्चों व युवाओं को बताया कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति सजग होना ही असली नागरिकता का प्रमाण है। इस अवसर पर जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे। डिप्टी मैनेजर सचिन दांगी, टीम लीडर योगेंद्र तोमर और उप-प्रबंधक रवि पाटीदार ने युवाओं और बच्चों को पानी बचाने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे गांव में अधिक से अधिक टोटियां (नल) का उपयोग करें और जल को व्यर्थ न बहने दें।

**कार्यशाला में बच्चों ने भी रखे अपने-अपने विचार:** कार्यशाला के दौरान बच्चों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जल और पर्यावरण का संरक्षण केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। स्वच्छ जल उपलब्ध होगा तो स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और गांव का जीवन भी समृद्ध होगा। पूरे कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने न सिर्फ दीवार लेखन और नारे लगाने में सहयोग किया, बल्कि कार्यशाला में जल संरक्षण की बातें भी सीखी।

## विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# धार्मिक सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**सारंगपुर।** नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने रविवार शाम को स्थानीय श्रीपति फैक्ट्री सिद्धार्थ ट्यूब के पास पानी की टंकी के सामने तारागंज परिसर में अपनी स्थापना की 35 वीं वर्षगांठ, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ निर्धारित 3 सत्रों में आयोजित की गई गई । प्रथम सत्र सदस्य आगमन पर दीप प्रज्वलित ,ध्वज पूजन प्रार्थना एवं भजनो की प्रस्तुति राष्ट्र भक्ति गीत मंडल के सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। द्वितीय सत्र संगठन कार्यकर्ता निर्माण तृतीय सत्र मंडल के सदस्यों द्वारा चेयर रेस कबड्डी सहित अन्य खेलकूद का आयोजन किया गया बैठक में बैठक सचिव कमल पुष्पद में पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया। साथ ही कोषाध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार द्वारा वार्षिक गतिविधियों के साथ आय व्यय प्रस्तुत किया गया ।तीसरे सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रीति दीदी, नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, डॉक्टर राजेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ समाजसेवी हुकुमचंद सोनी, अभिभाषक संघ अध्यक्ष मंडलोई, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद, संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी सहित कार्यक्रम में उपस्थित नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख तथा पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों का स्वागत मंगल तिलक एवं अंग वस्त्र भेटकर मंडल पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# जिला अस्पताल में विशेष रक्तदान शिविर कल, 700 यूनिट का रखा लक्ष्य

## रक्तदान शिविर के साथ ही आरंभ होगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में कल 17 सितंबर से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत होने जा रही है। इस महत्वपूर्ण अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित।

इस बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के लिए अधिकारियों को ओआईसी और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डॉ. पटेल ने बताया कि 17 सितंबर को यह अभियान पूरे देश के साथ साथ जिले में भी बड़े स्तर पर आरंभ होगा। अभियान के पहले दिवस 17 सितंबर को जिला अस्पताल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा जा रहा है जिसमें 700 यूनिट रक्त एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया है। उत्साहजनक बात यह है कि शिविर से पहले ही 350 से अधिक लोग रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। इसके उपरान्त अलग-अलग तारीखों में ब्लॉक मुख्यालयों और सिविल अस्पतालों में भी स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### 2 अक्टूबर तक आयोजित होंगी गतिविधियां

इस अभियान के तहत जिला अस्पताल, ब्लॉक मुख्यालयों के अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कल विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद 02 अक्टूबर तक विभिन्न स्वास्थ संबंधी गतिविधियां आयोजित कर प्रत्येक महिला का स्वास्थ परीक्षण, उपचार, परामर्श और बच्चों का टीकाकरण का कार्य सम्पन्न किया जाएगा। बैठक के इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डीटीओ डॉ राजीव हरिऔध, डॉ महेंद्रपाल सिंह, डीपीएम शिखा सरावगी, आनंद भारद्वाज, डीसीएम सुनील वर्मा, प्रवेश द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ केंद्र की बिगड़ी व्यवस्था सेवाएं, विधायक ने किया स्वास्थ केंद्र का दौरा



**मचलपुर।** नगर के स्वास्थ केंद्र में महिला चिकित्सक से मारपीट की घटना के बाद दो दोनो से नगर की स्वास्थ सेवाएं बाधित हुई थी साथ ही स्वास्थ केंद्र की ओपीडी भी दो दिन से बंद थी जिसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जीरापुर ब्लाक के सभी चिकित्सकों ने जीरापुर सिविल अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन किया जिसे विधायक हजारीलाल दांगी ने पहुंच चिकित्सकों से बात कर खत्म करवाया साथ ही जीरापुर तहसीलदारआरपी सिंह ठाकुर माचलपुर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ और माचलपुर थाना प्रभारी पूजा परिहार के साथ माचलपुर स्वास्थ केंद्र पहुंच वहा के पूरी घटना की जानकारी ली साथ ही नियम विरुद्ध चिकित्सा निवास पर रह रहे डाक्टर भारतलाल शाक्य से निवास खाली करवाने की बात की माचलपुर स्वास्थ केंद्र में नियमित ओपीडी चले इस के लिए तीन चिकित्सक की व्यवस्था मंगलवार से स्वास्थ केंद्र में रहेगी और पुलिस की व्यवस्था भी सुरक्षा के दृष्टि से रहेंगी।

# हाईकोर्ट से पाया हक, जीएनएमटीसी राजगढ पहुंचे सोलंकी

## सीबीएमओ नरसिंहगढ़ और प्रभारी कुरावर ने किया तत्काल रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दिलीप सोलंकी की अनुकम्पा नियुक्ति का सूक्ष्म अवलोकन कर हाईकोर्ट इंदौर ने तत्काल आदेश का पालन करने और समय-सीमा में संबंधित का अभ्यावेदन का निराकरण कर न्यायालय को अवगत कराने की बात कहकर विभाग को वर्षो पुरानी अपनी भूल को सुधारने को कहा जिसमें जीएनएमटीसी राजगढ में रिक्त वार्डबाय के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई थी। हाईकोर्ट इंदौर के आदेश के बाद सीएमएचओ ने आदेश जारी करते हुए कोर्ट के आदेश का पालन करने में देरी नहीं की और कुरावर पीएससी प्रभारी डॉ नरेश गवली व नरसिंहगढ सीबीएमओ डॉ गौरव त्रिपाठी ने तत्काल रिलीव कर दिलीप सोलंकी राजगढ की अपनी संवाएं देगें।

# राजगढ़ में मेवाड़े परिवार ने आयोजित की 7 दिवसीय भागवत कथा



**राजगढ़।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर नगर के पारायण चैक में धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की पहल मेवाड़े (ग्वालिया) परिवार द्वारा अपने पित्रों की आत्मशांति और मोक्ष की कामना के उद्देश्य से की गई।

### धार्मिक माहौल से गुंजायमान हुआ राजगढ़

कथा के प्रथम दिवस से ही नगर में धार्मिक उत्साह का संचार दिखाई दिया। प्रातः काल से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की कथाओं का रसपान करने लगे। पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कथा स्थल को आकर्षक झांकियों, पुष्प सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था।

## नेवज समग्र विकास समिति द्वारा हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी भाषा ने पूरे देश को एकजुटता में पिरोया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय हिंदी दिवस की संध्या पर नेवज समग्र विकास समिति द्वारा लगातार 15वें वर्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं के विचारों के आदान-प्रदान के बाद सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मातृभाषा हिंदी का किसी से कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन मातृभाषा की किसी से प्रतिस्पर्धा भी नहीं है। अपनी मातृभाषा में संवेदनाएं होती हैं। लेकिन दूसरी भाषाओं को तकनीक के रूप में अपनाया जा सकता है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पूरे भारत वर्ष को एक करने वाली भाषा हिंदी ही थी और आज सभी को एकजुट करने की क्षमता में हिंदी में ही है। पूर्व विधायक श्री रघुनंदन शर्मा ने कहा कि किसी भी बात को लागू करने के लिए एक जिद, एक जुनून की जरूरत होती है परंतु आजादी के बाद तत्कालीन नेताओं ने हिंदी भाषा को जान-बूझकर उसका मान-सम्मान जो हिंदी को मिलना था, वह नहीं दिया। इस अवसर पर ही राजगढ़ निवासी गैर हिंदी भाषी मलयालम मातृभाषा से जुड़े संतोष कुमार ने कहा कि हिंदी सभी भारतीयों भाषाओं की मां के समान है। सभी अन्य भारतीय भाषाएं हिन्दी के शब्दों से निकली है।




### कई साहित्यकारों ने रखे अपने-अपने विचार

गोष्ठी में शिक्षाविद ए.के. शर्मा, दिनेश नागर और उर्दू भाषा के जानकार कल्लू खां कुरैशी, साजिद हाशमी ने हिंदी को लेकर अपनी-अपनी चिंताएं जरूर जाहिर की। लेकिन हिंदी पर संकट को लेकर सब निश्चिंत नजर आए। इन साहित्यकारों की सोच थी कि हिंदी संकट में है लेकिन कौन सी हिंदी संकट में है। संकट में वह क्लिष्ट हिंदी है जो आम आदमी की समझ से हमेशा बाहर रही है। हमें हमारी हिंदी को लगातार बोलते रहना है। इस अवसर पर श्यामबाबू खरे, शाहिद प्रहरी, राहुल कुंभकार, श्याम गुर्जर, पीड़ी सक्सेना, ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संचालन समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने किया एवं आभार जगदीश दास ने माना।